प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज रांची में झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। इस संकल्प पत्र में 300 यूनिट मुफ्त बिजली, पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर और सवा करोड़ घरों को सोलर ऊर्जा से जोड़ने का एलान किया गया है। इसके अलावा महिलाओं को गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने की 11 तारीख को 2100 रुपये देने का वादा किया गया है। साथ ही, पांच साल के भीतर पांच लाख बेरोजगारों के लिए नौकरी, करीब तीन लाख सरकारी पदों पर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से नियुक्ति, अग्निवीरों को सरकारी नौकरी की गारंटी भी इस संकल्प पत्र में शामिल है। इस मौके पर श्री शाह ने कहा कि उनकी सरकार बनी तो राज्य के सभी आदिवासी परिवारों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा जाएगा। इस दौरान उन्होंने हेमंत सोरेन और कांग्रेस गठबंधन सरकार की कड़ी आलोचना की। श्री शाह ने कहा कि उनकी सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाले पेपर लीक को रोकने के लिए सख्त कानून बनाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि घुसपैठियों पर भी भाजपा सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी।

************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल गढ़वा और चाईबासा से अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि इसके बाद प्रधानमंत्री 10 नवम्बर को रांची और बोकारो में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का तीसरा झारखंड दौरा 15 नवम्बर को संताल परगना में होगा।

************

विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद जिले में 239 मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के जरिए वोटिंग कराई जाएगी।

************

लोकतंत्र के महापर्व में वोटरों की भागीदारी बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत राज्यभर में कई जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। जमशेदपुर में इस सिलसिले में साइक्लोथॉन फॉर वोट अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें स्कूली बच्चे, शिक्षक और अन्य विशिष्ट लोग शामिल हुए।

************

रेलवे, छठ और अन्य त्यौहारों के अवसर पर विशेष रेलगाडियों का परिचालन कर रहा है। लगभग बीस विशेष रेलगाडियां आज दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से देश के विभिन्न भागों के लिए चलाई जा रही हैं। इनमें, दरभंगा, रांची, पटना, कटरा, मुजफ्फरपुर, बलिया, कामाख्या और आज़मगढ़ के लिए विशेष ट्रेन शामिल हैं।

************

कोल इंडिया के 50 वर्ष पूरे होने पर चतरा के टंडवा स्थित सीसीएल परियोजना में रजत जयंती समारोह का आयोजन हुआ। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

************

राज्य भर में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। दिन में गर्मी और रात में ठंड का एहसास हो रहा है। इस बीच, मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में अगले सात दिनों तक सुबह और शाम को कोहरा छाया रह सकता है। जिससे धीरे–धीरे ठंड बढ़ेगी। मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में और तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होगी।

************

झारखंड समेत देशभर में भाई दूज का त्यौहार आज उमंग और उत्साह से मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर टीका लगाती हैं और उनकी और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करती हैं।

************

रांची के सेंट जोसेफ क्लब में शुरू हुए झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप के पहले दिन रांची की टीम ने 15 स्वर्ण पदक जीत लिए हैं। वहीं, दूसरे स्थान पर चाईबासा और तीसरे स्थान पर खूंटी की टीम रही।

******समाप्त*******